मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक


राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी

Website : www.metrodinank.com
Email : metrodinank@gmail.com

RNI No. : MAHHIN/2009/35355 POST REGD.NO : MH/MR/NW-143/2018-20



वर्ष : ०९ | अंक : ३३ | मुंबई, शुक्रवार, ३१ मई से ६ जून २०१९ | पृष्ठ : ४ | कीमत : दो रुपये

## संक्षिप्त समाचार

### सिडको कलंबोली में बनाएगा पशु चिकित्सालय

**नवी मुंबई:** सिडको पनवेल के कलंबोली उपनगर में अत्याधुनिक पशु चिकित्सालय का निर्माण करेगा। चिकित्सालय का निर्माण केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी की संस्था 'पीपल फॉर एनिमल' की तरफ से किया जाएगा। इस संदर्भ में सिडको ने एक निविदा जारी की थी। इसके जवाब में ४ संस्थाओं ने रुचि दिखाई थी। इनमें से मेनका गांधी की संस्था को पात्र पाया गया। चिकित्सालय करीब ८,००० वर्गमीटर भूखंड पर बनेगा, जिस पर ५ करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है। अस्पताल २०२१ तक तैयार हो जाएगा।

### नवी मुंबई में नाला-गटर सफाई अंतिम चरण में

**नवी मुंबई:** मॉनसून से पहले शुरू किए गए नालों व गटर सफाई का काम अब अंतिम चरण में है। मनपा जनसंपर्क कार्यालय ने बताया कि अभी तक गटर सफाई का ९५ फीसद काम पूरा कर लिया गया है। इसी तरह, नाला सफाई का भी ८६ फीसदी काम पूरा कर लिया गया है। गटर व नाला सफाई का बचा हुआ काम ३० मई तक पूरा कर लिया जाएगा। लोकसभा चुनावी आचार संहिता के चलते नाला व गटर सफाई के काम की निविदा प्रक्रिया में विलंब हो गया था। इसी दौरान, मनपा आयुक्त ने राज्य चुनाव आयोग से विशेष अनुमति लेकर निविदा प्रक्रिया को पूरा कर ठेकेदारों को काम दिया था।

### हफ्ता मांगने वाले कांग्रेस नेता पर मामला दर्ज

**वसई:** आरटीआई के जरिए ब्लैकमेल कर बिल्डर से ५० लाख रुपये हफ्ता मांगने वाले कांग्रेस नेता पर वसई पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आरोप है कि वह बिल्डर को अपील में जाने व पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने के नाम पर यह रकम मांग रहा था। जानकारी के अनुसार, बिल्डर शेखर हरिश्चंद्र जाधव ने शिकायत दर्ज कराई कि उसका व उसके भाई अरुण जाधव का बांधकाम व्यवसाय है। २०१६ में टाकी रोड स्थित अंबेडकर नगर निवासी कुमार काकडे ने आरटीआई के तहत उनकी बिल्डिंगों के अवैध होने की जानकारी मनपा से मांगी, जिसमें जाधव की दो बिल्डिंगें अवैध पाई गईं। इसी की आड़ में काकडे ने अरुण जाधव से ५० लाख रुपये हफ्ते की मांग की। जाधव ने पहले १० और दूसरी बार २० लाख रुपये दिए, लेकिन काकड़े लगातार धमकी दे रहा था।

### वसई में दंपति पर एसिड अटैक

**वसई:** मुंबई-अहमदाबाद हाइवे के वर्सोवा ब्रिज के पास एक अज्ञात शख्स एक जोड़े पर एसिड फेंक कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को कांदिवली स्थित शताब्दी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने अविनाश तिवारी को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, सीमा विश्वकर्मा की हालत नाजुक है। पुलिस का कहना है कि दोनों तलाकशुदा थे और एक साल से पति-पत्नी बनकर साथ रह रहे थे। अविनाश का २००४ में तलाक हो गया था और उसका केस देखने वाली सीमा का भी तलाक हो चुका है। पिछले एक साल से दोनों पति-पत्नी की तरह रह रहे थे।

### भिवंडी में मनपा ने हटाया अतिक्रमण

**भिवंडी :** सड़कों के किनारे दुकान एवं टपरी आदि बनाकर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध मनपा का अभियान जारी है। मनपा आयुक्त मनोहर हिरे के आदेश पर प्रभाग समिति क्रमांक-चार के अंतर्गत अजंता कंपाउंड से जैन मंदिर तक सड़क के किनारे किया गया अतिक्रमण सहायक आयुक्त शमीम अंसारी के नेतृत्व में अतिक्रमण विभाग के कर्मचारियों ने जेसीबी लगाकर हटा दिया है।

# नरेंद्र मोदी ने दूसरी बार ली प्रधानमंत्री पद की शपथ

## राजनाथ, शाह, गडकरी समेत २४ कैबिनेट मंत्री बने



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार दूसरी बार देश की बागडोर संभाल ली है। राष्ट्रपति भवन में गुरुवार शाम आयोजित समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पीएम मोदी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पीएम के बाद पिछली सरकार में गृह मंत्री रहे लखनऊ से बीजेपी के सांसद राजनाथ सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। ऐसे में साफ है कि मोदी सरकार २.० में उनका कद दूसरे नंबर का ही रहेगा। सरकार में तीसरे नंबर पर अमित शाह ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। आपको बता दें कि पीएम के साथ कुल २४ कैबिनेट मंत्रियों, ९ राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र प्रभार) और २४ राज्य मंत्रियों ने शपथ ली है।

### गडकरी, निर्मला, पासवान, प्रसाद ने ली शपथ

सरकार में चौथे मंत्री के तौर पर नितिन गडकरी ने शपथ ली। इसके बाद सदानंद गौड़ा ने अंग्रेजी में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इससे पहले पीएम और तीन अन्य मंत्रियों ने हिंदी में शपथ ली। पिछली सरकार में रक्षा मंत्री रहीं निर्मला सीतारमण, NDA के सहयोगी दल एलजेपी के प्रमुख रामविलास पासवान, नरेंद्र सिंह तोमर, पटना साहिब से जीते रविशंकर प्रसाद ने भी मंत्री पद की शपथ ली।

### हरसिमरत और प्रमुख दलित नेता गहलोत ने ली शपथ

इसके बाद हरसिमरत कौर बादल ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। अकाली दल की प्रमुख नेता हरसिमरत पिछली सरकार में खाद्य एवं प्रसंस्करण मंत्री थीं। पिछली सरकार में सामाजिक न्याय मंत्री रहे थावर चंद गहलोत ने भी शपथ ली। वह बीजेपी के प्रमुख दलित नेताओं में गिने जाते हैं।

### पूर्व विदेश सचिव जयशंकर भी कैबिनेट मंत्री

पूर्व विदेश सचिव डॉ. एस. जयशंकर ने भी कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। अमेरिका से न्यूक्लियर डील के अलावा चीन के साथ डोकलाम विवाद को बेहतर तरीके से सुलझाने में उनकी बड़ी भूमिका थी। वह चीन और अमेरिका में भारत के राजदूत भी रहे हैं।

### उत्तराखंड से निशंक और झारखंड से अर्जुन मंत्री

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कैबिनट मंत्री के तौर पर शपथ ली। ३ बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे अर्जुन मुंडा ने भी गुरुवार को कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। वह राज्य के खूंटी से बीजेपी के सांसद हैं।

### राहुल को हराने वाली स्मृति भी सरकार में

अमेठी से कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव में हराने वाली स्मृति इरानी को मोदी कैबिनेट २.० में शामिल किया गया है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। इसके बाद पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे डॉ. हर्षवर्धन, मानव संसाधन विकास मंत्री रहे प्रकाश जावड़ेकर और रेल मंत्री रहे पीयूष गोयल ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। ओडिशा से ताल्लुक रखने वाले और पिछली सरकार में पेट्रोलियम मंत्री रहे धर्मेंद्र प्रधान ने भी कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली।

### मुस्लिम चेहरे नकवी को भी कैबिनेट में जगह

बीजेपी के जानेमाने मुस्लिम चेहरे मुख्तार अब्बास नकवी ने भी कैबिनेट मंत्री के तौर पर पद की शपथ ली। पिछली सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री थे। उन्होंने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा था। संघ से जुड़े रहे और धारवाड़ (कर्नाटक) से सांसद प्रह्लाद जोशी ने २०वें कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली।

### महेंद्र नाथ पांडे का प्रमोशन, शिवसेना से सावंत मंत्री

चंदौली से सांसद और यूपी के बीजेपी अध्यक्ष महेंद्र नाथ पांडे ने भी कैबिनेट मंत्री के तौर पर पद की शपथ ली। वह



पिछली सरकार में मानव संसाधन राज्य मंत्री रह चुके हैं। आपको बता दें कि यूपी में एसपी-बीएसपी के महागठबंधन के बावजूद बीजेपी ने शानदार प्रदर्शन किया है। ऐसे में यह उनका प्रमोशन कहा जा सकता है। अरविंद सावंत ने शिवसेना कोटे से कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। इन्होंने मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष मिलिंद देवड़ा को हराया है।

### गिरिराज सिंह को भी बनाया गया कैबिनेट मंत्री

बेगूसराय से जीते बीजेपी के फायरब्रैंड नेता गिरिराज सिंह ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। वह पिछली सरकार में लघु-मध्यम उद्योग मंत्री थे। नवादा सीट बदले जाने से वह कई दिनों तक पार्टी नेतृत्व से नाराज रहे थे। हालांकि बेगूसराय में उन्होंने बड़े अंतर से जीत दर्ज की और कन्हैया कुमार को हराया। इसके बाद राजस्थान के बड़े नेता और जोधपुर से सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। शेखावत ने लोकसभा चुनाव में अशोक गहलोत के बेटे को बड़े अंतर से हराया।

### राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के तौर पर इन्होंने ली शपथ

८ बार लोकसभा सदस्य चुने गए बरेली में विकास पुरुष के नाम से मशहूर संतोष गंगवार ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली।

# ४ विधायकों के साथ BJP में शामिल होंगे विखे पाटिल!

**मुंबई :** महाराष्ट्र में बुरे दौर से गुजर रही कांग्रेस को जोर का झटका देने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता राधाकृष्ण विखे पाटील भी तैयार हैं। पाटिल अपने साथ चार विधायकों, कई नगरसेवकों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ कभी भी बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि बीजेपी इस मौके पर भव्य समारोह कर सकती है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खास और राज्य के जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन का कहना है कि राधाकृष्ण विखे पाटील का बीजेपी में शामिल होना महज औपचारिकता रह गई है। बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा में राधाकृष्ण विखे पाटील प्रतिपक्ष के नेता थे। कुछ दिन पहले ही उन्होंने इस पद से इस्तीफा दिया था, जिसे कांग्रेस के स्वीकार भी कर लिया है। हलांकि उन्होंने विधायकी से इस्तीफा नहीं दिया है।

लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने अपने बेट डॉक्टर सुजय को कांग्रेस




से लोकसभा का टिकट दिलाने के लिए दिल्ली तक खूब पापड़ बेले, लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

इसके बाद सुजय बीजेपी में चले गए। बीजेपी ने अपने मौजूदा सांसद दिलीप गांधी का टिकट काटकर सुजय को उम्मीदवार बना दिया। वहीं, राधाकृष्ण विखे पाटील ने कांग्रेस-एनसीपी के उम्मीदवार का चुनाव प्रचार नहीं किया।

सुजय ने एनसीपी के संग्राम जगताप को २,८१,४७४ मतों से पराजित कर दिया। महाजन और राधाकृष्ण विखे पाटील की मुलाकात हुई। महाजन ने कहा कि राधाकृष्ण बगैर किसी शर्त के बीजेपी में शामिल हो रहे हैं।

उनके जब पूछा गया कि क्या विखे पाटील को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा, तो महाजन ने कहा कि यह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार है। उन्होंने दावा किया कि एनसीपी के कई विधायक उनके संपर्क में हैं।

# सरकारी दवाखानों में पिछले 6 साल में 25 करोड़ की दवाइयां गायब



**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** सरकारी दवाखानों में पिछले ६ साल में २५ करोड़ की दवाइयां कहां गईं? मरीज को दवा देने में घोटाला करने का सनसनीखेज सवाल शिवसेना के पूर्व नगरसेवक राजकुमार चोरघे ने वसई-विरार के मनपा आयुक्त से किया है। बता दें कि वसई-विरार मनपा क्षेत्र में सर डीएम पेटिट अस्पताल, नगीनदासपाड़ा अस्पताल, नालासोपारा माता बाल संशोधन केंद्र, सातीवाली अस्पताल सहित कुल ८ अस्पताल वसई-विरार मनपा द्वारा संचालित किए जाते हैं। अस्पताल में इस्तेमाल होनेवाली दवाई खरीदने के लिए वसई-विरार मनपा ने २०१४-२०१५ में १ करोड़ ६९ लाख ७२ हजार रुपए, २०१५-२०१६ में १ करोड़ ९० लाख ७२ हजार रुपए, २०१६-२०१७ में १ करोड़ ७५ लाख ५२ हजार रुपए, २०१७-२०१८ में ५ करोड़ रुपए की दवाइयां खरीदी गई हैं जबकि २०१८-२०१९ के लिए ७ करोड़ रुपए २०१९- २०२० के लिए ८ करोड़ रुपए की दवाई खरीदने का प्रावधान किया गया है। इसी तरह कुल २५ करोड़ ३५ लाख ६६ हजार रुपए की दवाई खरीदी गई हैं। इस दवा घोटाले की जांच की मांग करते हुए शिवसेना के पूर्व नगरसेवक राजकुमार चोरघे ने आरोप लगाया है कि दवा खरीदी में कहीं भी पारदर्शिता नहीं है। आरोप है कि इन अस्पतालों में आम जनता को दवाई अधिकांश बाहर से लिखकर दी जाती हैं। गरीब इंसान बिना दवाई के ही इन अस्पतालों से जाता है। इस तरह की शिकायत भी आम लोगों से प्राप्त हो रही है।

# दुल्हन का हार चुराने वाली सहेली गिरफ्तार

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** मुंबई 'मेरे मन को भाया मैं कुत्ता काट–' फिल्म 'चाईना गेट' का यह डायलॉग कभी बहुत ही लोकप्रिय हुआ था। ठीक इसी तर्ज पर शादी में आई दुल्हन की सहेली को उसका (दुल्हन) सोने का हार पसंद आ गया और उसने वह हार चुरा लिया। बता दें कि बान्द्रा स्थित एक पांच सितारा होटल में चल रहे विवाह समारोह में उस समय अफरातफरी मच गई जब दुल्हन को पता चला कि उसका सोने का हार चोरी हो गया है, जो कि सात लाख रुपए का था। मामला पुलिस तक पहुंचा तो पुलिस ने पहले होटल कर्मचारियों से पूछताछ की और अपने स्तर पर हार को ढूंढ़ने का प्रयास किया लेकिन पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा। होटल के उस कमरे में कोई सीसीटीवी कैमरा भी नहीं था जहां दुल्हन अपने सामान



के साथ ठहरी थी। ऐसे में पुलिस के पास चोर का कोई सुराग नहीं था। अंधरे में हाथ-पांव मार रही पुलिस ने अंततः दुल्हन की उस सहेली से पूछताछ का निर्णय लिया जिसे दुल्हन ने आखिरी बार हार दिखाया था। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गिरीश अनावकर के मार्गदर्शन में बांद्रा पुलिस का यह प्रयास सफल हुआ। एक निजी कंपनी में काम करनेवाली सहेली ने पुलिसिया पूछताछ में हार चुराने की बात कबूल कर ली। उसने बताया कि पहली नजर में ही हार ने उसका मन मोह लिया था। वह हर हाल में हार पाना चाहती थी। कमरे में कोई कैमरा नहीं था और वह यह भी जानती थी कि हार कहां रखा है? क्योंकि हार दिखाने के बाद दुल्हन ने उसे एक बैग में उसी के सामने रखा था। फिलहाल पुलिस ने सहेली को गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से हार भी बरामद कर लिया है।

## संपादकीय

# गहराता जल संकट



बीते कुछ वर्षों से कमतर बारिश और सूखे की वजह से देश के ज्यादातर हिस्सों में जल संकट बढ़ता जा रहा है. कुछ हफ्ते पहले केंद्रीय जल आयोग ने जलाशयों के गिरते जलस्तर पर चिंता व्यक्त की थी. बीते एक दशक में जलाशयों में औसत जल संग्रहण में २० प्रतिशत की कमी आ चुकी है. आज जब देश जल संकट के अब तक के सबसे भयावह दौर के मुहाने पर है, तब मॉनसून-पूर्व बारिश के कम होने से चिंताएं बढ़ गयी हैं. आइआइटी, गांधीनगर द्वारा संचालित सूखा चेतावनी प्रणाली ने पहले ही बता दिया है कि ४० फीसदी से ज्यादा हिस्से में सूखे के स्पष्ट संकेत उभर रहे हैं.

देशभर में मॉनसून-पूर्व बारिश (मार्च से मई माह के बीच) में २३ प्रतिशत की कमी रही है, जो बीते छह वर्षों में सबसे कम है. एक अनुमान के मुताबिक इस बार दक्षिण-पश्चिम मॉनसून केरल में चार से पांच दिन की देरी से दस्तक देगा. बारिश की कमी बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक के आंतरिक हिस्सों के लिए समस्या बढ़ा सकती है. मॉनसून के कमजोर रहने का सीधा मतलब खेती के लिए खतरे की आहट.


एक उम्मीद यह है कि अगर प्रशांत महासागर के तापमान में कमी आती है, तो दक्षिण-पश्चिम मॉनसून अवधि का दूसरा हिस्सा बेहतर हो सकता है. अलनीनो के कमजोर रहने का अनुमान भी आशा की एक किरण है. देश के लगभग हर भाग में लगातार बढ़ते जा रहे जल संकट से निपटने के लिए हमें जल स्रोतों और जलाशयों, भूजल तथा सिंचाई संसाधनों का विवेकपूर्ण और उचित उपयोग सीखना होगा. बीते दशक में जनसंख्या वृद्धि, आर्थिक गतिविधियों और उपभोग की बदलती आदतों से वैश्विक स्तर पर जल की खपत हर साल एक फीसदी की दर से बढ़ रही है.

जलवायु परिवर्तन और औसत तापमान में बढ़ोतरी की वजह से भी कई क्षेत्रों में सूखापन बढ़ रहा है. दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और हैदराबाद समेत देश के २० से अधिक शहरों में भूजल स्तर की गिरावट समस्याग्रस्त भविष्य का स्पष्ट संकेत है. नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगले एक वर्ष में जलसंकट की इस समस्या से १० करोड़ लोग प्रभावित होंगे, वहीं २०३० तक देश की ४० प्रतिशत आबादी इस गंभीर समस्या की चपेट में होगी. इस आसन्न संकट से निपटने के लिए ठोस पहल की जानी चाहिए.

सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं को प्राथमिकता, सूखा प्रतिरोधी फसलों को बढ़ावा देने, वर्षा जल का संग्रहण और पौधारोपण जैसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देना होगा. जल प्रबंधन, कृषि, शहरी नियोजन और पारिस्थितिकी संरक्षण के लिए भी बड़े स्तर पर मुहिम चलानी होगी. पानी के संरक्षण, संग्रहण और उपयोग पर व्यापक नीति बनाने तथा केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय पर ध्यान दिये बिना जल संकट का दीर्घकालिक समाधान नहीं हो सकता है.

# डॉ. पायल तडवी आत्महत्या केस में पहली गिरफ्तारी, फरार थी आरोपी डॉक्टर

**अपनी** वरिष्ठ सहकर्मियों द्वारा कथित तौर पर जातीय टिप्पणी किए जाने से परेशान होकर खुदकुशी करने वाली डॉ. पायल तडवी के मामले में पुलिस ने पहली गिरफ्तारी की है. मुंबई पुलिस ने रैगिंग और जातीय उत्पीड़न के इस मामले में रेजिडेंट डॉक्टर भक्ति मेहर को गिरफ्तार किया है. डॉ. तडवी की आत्महत्या के बाद से भक्ति मेहर फरार चल रही थी. तडवी ने २२ मई को खुदकुशी कर ली थी. उनके परिवार का आरोप है कि डॉक्टरों ने उनके अनुसूचित जनजाति का होने को लेकर ताने कसे थे.भक्ति मेहर उन तीन आरोपी डॉक्टरों में शामिल है जिनके ऊपर डॉ. तडवी को जातीय आधार पर उत्पीड़ित करने का आरोप है. बताया जा रहा है कि उत्पीड़न से परेशान होकर डॉ. तडवी ने आत्महत्या कर ली थी. फिलहाल, दो अन्य आरोपी डॉक्टरों ने अंतरिम जमानत के लिए कोर्ट में याचिका दायर की जिस पर बुधवार को सुनवाई होगी. इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मामले में संज्ञान लिया है और अस्पताल को नोटिस जारी किया है. वहीं मुंबई कांग्रेस के प्रमुख मुरली देवड़ा ने संयुक्त पुलिस आयुक्त विनय



चौबे से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने डॉ. पायल तडवी के आत्महत्या मामले के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा. गिरफ्तारी से पहले डॉ. तडवी के के माता-पिता ने मंगलवार को मुंबई में उस सरकारी अस्पताल के बाहर प्रदर्शन किया जहां वह काम करती थीं. अन्य प्रदर्शनकारी भी तडवी की मां आबिदा और पति सलमान के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए और तीन वरिष्ठों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जिन्होंने कथित तौर पर रैगिंग और जातीय टिप्पणियां कर उन्हें प्रताड़ित किया और यह कदम उठाने के लिए बाध्य किया.

प्रदर्शनकारी वंचित बहुजन अगाड़ी से और दूसरे दलित और जनजातीय संगठनों से संबद्ध हैं और वे तडवी की मौत को लेकर बीवाईएल नायर अस्पताल के बाहर प्रदर्शन किया. सलमान ने कहा, हम चाहते हैं कि सरकार हस्तक्षेप करे. पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है. यह संभव है कि पायल की हत्या तीन महिला डॉक्टरों द्वारा की गई हो. प्रदर्शनकारियों और तड़वी के परिजनों के साथ अपनी एकजुटता दिखाते हुए भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि अगर हमारी छोटी बहन के लिए न्याय की लड़ाई में जरूरत हुई तो वह भी महाराष्ट्र का दौरा करेंगे.

महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग ने भी इस मामले पर संज्ञान लिया और अस्पताल अधिकारियों को नोटिस जारी कर आठ दिन के अंदर यह बताने को कहा है कि उन्होंने रैगिंग विरोधी कानून को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए. तड़वी को खुदकुशी के लिए उकसाने की आरोपी तीन महिला चिकित्सकों ने मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है.

# शादी में डीजे पर पसंदीदा गाना नहीं बजाए जाने पर चली

**हरियाणाः** हरियाणा के पंचकुला में एक शादी समारोह में अंधाधुंध गोलियां चलीं. सूत्रों के मुताबिक रविवार रात शादी में शामिल एक बाराती ने डीजे पर अपनी पसंद का गाना नहीं बजाए जाने पर गुस्सा होकर हवा में दर्जनों राउंड फायरिंग की. दरअसल पंचकुला के जिमखाना क्लब में बारात में शामिल एक शख्स डीजे वाले से अपनी पसंद का गाना बजाने को कह रहा था. जब उसकी पसंद का गाना नहीं बजाया गया तो बारात में आया शख्स नाराज



हो गया. आरोपी शख्स ने गाना नहीं बजाए जाने पर डीजे वाले को धमकाते हुए शादी स्थल पर ही दर्जनों गोलियां हवा में चला दी.

शराब के नशे में धुत आरोपियों ने डीजे वाले सहित कुछ लोगों के साथ मारपीट भी की और उसके बाद मौके से फरार हो गया. शादी समारोह में खलल पड़ने के बाद पुलिस को मौके पर बुलाया गया लेकिन पुलिस ने बजाए आरोपियों को पकड़ने के डीजे मालिक को ही गिरफ्तार कर लिया और रात भर थाने में रखा. डीजे मालिक पर रात १० बजे के बाद भी डीजे बजाने का आरोप पुलिस की तरफ से लगाया गया है. सूत्रों के मुताबिक पुलिस को इस हंगामे की जानकारी काफी पहले दे दी गई थी लेकिन पुलिसकर्मियों ने क्लब में जाकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की हिम्मत नहीं की क्योंकि पंचकुला के जिस जिमखाना क्लब में यह कार्यक्रम हो रहा था उस क्लब में राज्य के कई आला अधिकारी और राजनेता सदस्य हैं.

# गोलियों की आवाज़ से गूंजा नजीबाबाद
## BSP नेता सहित 2 की हत्या



**उत्तर प्रदेश** के बिजनौर जिले में दिनदहाड़े अज्ञात बदमाशों ने बहुजन समाज पार्टी के नेता हाजी एहसान और उनके भांजे शादाब की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी. वारदात को अंजाम देकर बदमाश मौके से फरार हो गए. फायरिंग से बाजार में अफरा-तफरी मच गई. मामला नजीबाबाद कस्बे का है. जहां सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरु कर दी. वारदात के वक्त हाजी हसन अपने ऑफिस में एक धार्मिक ग्रंथ पढ़ रहे थे. तभी दो बदमाश मिठाई का डिब्बा लेकर उनके ऑफिस में घुसे और उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं. गोलियां हाजी एहसान और उनके भांजे शादाब को लगी. उन दोनों को फौरन अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. हाजी एहसान बसपा के नजीबाबाद विधानसभा के प्रभारी थे. नजीबाबाद में उनका प्रॉपर्टी का काम भी है. वहीं पर उनका ऑफिस भी मौजूद है. डबल मर्डर की इस वारदात से शहर में हड़कंप मच गया. बसपा नेता के परिवार में कोहराम मचा हुआ है. घटना के बाद बाजार में दहशत का माहौल है. पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए.

# शर्मसार! सुरक्षा के दावेदार बने हैवान, पुलिस ने बेल्ट से की थी महिला की पिटाई

**इन** दिनों हरियाणा पुलिस और सरकार को दुशासन बताने वाला एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. उस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक पुलिस थाने में पुरुष पुलिसकर्मी एक महिला को बेल्ट से मार रहे हैं और उस महिला की बेबसी पर हंस रहे हैं. लेकिन हैरानी की बात ये है कि यह वायरल वीडियो पिछले साल अक्टूबर का है, जो अब वायरल हो रहा है. यहां तक कि इस मामले में कार्रवाई भी सोमवार को की गई है. मामला जुड़ा है फरीदाबाद के आदर्श नगर थाने से. जब वीडियो वायरल हुआ तो लोग सकते में आ गए कि कैसे थाने में कोई पुरुष पुलिसकर्मी एक महिला की पिटाई कर रहा है. वीडियो इतनी तेजी से सोशल मीडिया में छा गया कि बात पुलिस कमिश्नर तक जा पहुंची. महकमे की किरकिरी होते देख आनन-फानन में आरोपी पुलिसकर्मियों की पहचान की गई और फौरन पुलिस कमिश्नर ने आरोपियों को निलंबित करने का फरमान सुना दिया. यही नहीं बड़े साहब की नाराजगी देख विभाग के अफसरों ने दो



पुलिसकर्मियों और तीन एसपीओ के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया. इससे आगे बढ़कर दो विशेष पुलिस अधिकारी गिरफ्तार कर लिए गए. पुलिस के मुताबिक बाकी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा. फरीदाबाद पुलिस के प्रवक्ता सूबे सिंह की मानें तो सोशल मीडिया में वायरल महिला की पिटाई के वीडियो पर संज्ञान लेते हुए आदर्श नगर थाने में तैनात दो पुलिसकर्मियों और एसपीओ समेत पांच लोगों के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. पुलिस प्रवक्ता के अनुसार यह एक शर्मनाक घटना है. गौरतलब है कि महिला की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद जहां मीडिया की सुर्खियों में आ गया. वहीं, महिला आयोग ने भी इस मामले पर संज्ञान लिया है. जिसके चलते पुलिस कमिश्नर ने पांचों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए पांचों आरोपियों को निलंबित कर दिया.

फिलहाल पुलिस पीड़ित महिला तक पहुंचने का प्रयास कर रही है, ताकि महिला के बयान लेकर आगे की कार्रवाई की जा सके.

# पिता ने २ मासूम बेटियों को चलती बोट से झील में फेंका, युवक ने बचाई जान



**हिमाचल** प्रदेश के बंगाणा में एक शख्स ने दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम दे डाला. उसने अपनी दो मासूम बेटियों को बोट से एक झील में धक्का दे दिया.

उस शख्स की ये हरकत देखकर एक युवक ने बहादुरी दिखाते हुए झील में छलांग लगाई और दोनों बहनों को बचा लिया. घटना के बाद भीड़ ने आरोपी को घेर लिया और उसकी पिटाई करने की कोशिश की, लेकिन दोनों बेटियों ने ही उस शख्स को बचा लिया.

आरोपी का नाम चमकौर सिंह है. वह पंजाब के लुधियाना में सदवां गांव का रहने वाला है. सोमवार को चमकौर सिंह अपने और अपने भाई के पूरे परिवार समेत बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में दर्शन करने आया था. उसके साथ उसकी पत्नी, दो बेटियां और बेटा था. इसके अलावा उसके भाई, भाभी और उनके दो बच्चे भी साथ थे.

ये सभी मंदिर में दर्शन कर लाठियानी कस्बे से झील के रास्ते बोट में सवार होकर वापस गांव लौट रहे थे. चश्मदीदों के अनुसार जब मोटर बोट बिल्कुल झील के बीच में थी, तभी अचानक चमकौर सिंह ने अपनी १२ वर्षीय बड़ी बेटी और ५ वर्षीय छोटी बेटी को भी झील में धक्का दे दिया.

उसी नाव में लाठियानी का रहने वाला युवक सुनील कुमार भी सवार था. जब लड़कियां झील में डूबने लगी तो सुनील झील में कूद गया और दोनों लड़कियों को बचा लिया. घटना के बाद बोट में बैठे अन्य यात्रियों ने चमकौर को पकड़ लिया. लोगों ने उसे पीटना चाहा तो दोनों बेटियों ने ही लोगों से उसके पिता को छोड़ने की गुहार लगाई.

इसी दौरान किसी ने स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी. पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी चमकौर सिंह को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी की पत्नी और भाई ने चमकौर को मानसिक रोगी बताया. जब पुलिस ने इस संबंध में दस्तावेज मांगे तो वे कुछ नहीं दिखा पाए. अब पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है. घटना के बाद से दोनों बच्चियां डरी हुई हैं.

# पार्टियों में विदेशी 'पैट्रीयक' करता था चरस गांजे की सप्लाई, बड़ी खेप के साथ गिरफ्तार



**साइबर** सिटी गुरुग्राम की पुलिस ने एक विदेश नागरिक को चरस और गांजे की बड़ी खेप के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है. पुलिस ने पौलेंड के रहने वाले २९ वर्षीय पैट्रियक से ४ किलो ३८६ ग्राम चरस और ३४५ ग्राम गांजा बरामद किया है. दरअसल, गुरुग्राम के डीएलएफ फेस-१ इलाके में पुलिस को चेकिंग के दौरान २ युवकों पर शक हुआ. जैसे ही पुलिस ने युवकों को पकड़ने की कोशिश की तो दोनों मौके से फरार होने की कोशिश करने लगे.

इस दौरान पुलिस को पैट्रियक को पकड़ने में कामयाबी हासिल हो गई, लेकिन पैट्रियक का एक अन्य साथी जो कि हिमाचल का रहने वाला है मौके से फरार होने में कामयाब हो गया.

पुलिस के मुताबिक, पैट्रियक करीब ७ महीने पहले पौलेंड से भारत आया था. पैट्रियक को नशा करने की लत है जिसके चलते ये हिमाचल के कुल्लू में जाकर रहने लगा. इस दौरान पैट्रियक की मुलाकात काजी नाम के युवक से हुई.

काजी ने पैट्रियक को बताया कि दिल्ली-एनसीआर में ड्रग बेचकर वे काफी पैसा कमा सकते हैं जिससे रहने और खुद के नशे की व्यवस्था आसानी से की जा सकेगी. पैट्रियक नाइट पार्टियों में लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस भी देता था, जिसके चलते इन दोनों के लिए ड्रग को खपाना आसान था.

# एसी लोकल में किराए वृद्धि

**मुंबई :** चर्चगेट से विरार के बीच चलनेवाली एसी लोकल जून से यात्रियों को चटके देगी। यह चटके एसी लोकल में किराए वृद्धि को लेकर है। दरअसल रेलवे १ जून से एसी लोकल के किराए में वृद्धि करने जा रही है। ऐसे में एसी लोकल में कूल-कूल सफर करनेवाले यात्रियों का किराया अब गर्म होगा। रेल मंत्रालय द्वारा एसी लोकल ट्रेन के लिए किराए के लिए यात्रियों को दी जानेवाली छूट अब खत्म करने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के बाद अब १ जून, २०१९ से सिंगल यात्रा के किराए में ५ से १५ रुपए की वृद्धि होगी। २५ दिसंबर २०१७ को एसी लोकल सेवाओं की शुरुआत के समय यह निर्णय लिया गया था कि पहले ६ महीने छूट दी जाएगी। इस ऑफर को पहले भी विस्तारित किया गया था और यह ३१ मई २०१९ तक वैध है।


## आवश्यकता है

**मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :**

**संपर्क : मो.**
**९८२१२८७९०५, ९३२२२४८३५३-९१६७००९६२९**
**Email :**
**metrodinank@gmail.com**

## Advertisment Rates

**Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)**
**Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)**
**Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)**

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**
5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"


**प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ), मुंबई- 97 से प्रकाशित। संपादक -** दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - **चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ** : बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
**कानून सलाहकार-** डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280,
**मो.** 9821287905, 9322248353-9167009629
**Email : metrodinank@gmail.com**
**Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009**
**नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें**

# मुंबई के हाइवे को ग्रीन हाइवे में बदलेगा सिख समुदाय

**मुंबई :** देश में बढ़ते तापमान को देखते हुए सिख समाज ने पर्यावरण सुधारने की कवायद शुरू की है। महाराष्ट्र सिख असोसिएशन की तरफ से मुंबई और सटे उपनगर में ग्रीन हाइवे मिशन की शुरुआत मानखुर्द चुंगी नाका के पास पद्मश्री संत बाबा सेवा सिंह के हाथों हुआ। मिशन के तहत सायन- पनवेल हाइवे पर मानखुर्द से लेकर पनवेल तक ११ हजार पौधे लगाए गए। सिख समाज इन पौधों का तीन साल तक रखरखाव करेगा। दक्षिण मध्य मुंबई के सांसद राहुल शेवाले ने कहा कि गुरूनानक की ५५०वें प्रकाश परब पर मुंबई और महाराष्ट्र में पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्षारोपण एक सराहनीय प्रयास है। सिख समुदाय हमेशा समाज की सेवा करता रहा है। ऐसे ही अन्य समाज और सामाजिक संस्थाओं को पर्यावरण को लेकर पहल की शुरुआत



करनी चाहिए।

असोसिएशन के संयोजक बाल मलकीत सिंह ने कहा, 'गुरूनानक की ५५०वीं जयंती के उपलक्ष्य में ग्रीन हाइवे मिशन की शुरुआत की गई है। इस मिशन के तहत मानखुर्द से लेकर पनवेल तक २५ किमी की दूरी तक वृक्षारोपण किया गया है। वृक्ष रोपण के साथ उसे जीवंत रखने के लिए ध्यान रखने की जरूरत होती है। लोग वृक्ष लगाकर भूल जाते है। इसका नतीजा होता है कि थोड़े दिनों के बाद पानी और रखरखाव की कमी के चलते वृक्ष सूख जाते हैं।' इसी बात को ध्यान में रखकर असोसिएशन ने वृक्षारोपण के साथ अगले तीन साल तक उसके रखरखाव की भी जिम्मेदारी ली है। इस वृक्षारोपण को सफल बनाने के लिए ३ करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिसका वहन सिख समाज के लोग अंशदान के माध्यम से करेंगे।

रुद्र प्रतिष्ठान की तरफ से ठाणे के येऊर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। संस्था के अध्यक्ष विनय सिंह ने कहा कि इस बार तापमान ने सबको चेता दिया कि पेड़-पौधों को काटकर पर्यावरण के साथ खिलवाड़ हुआ है। अब सभी को चेत जाना चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि कम से कम अपने हाथ से एक पौधा अवश्य लगाए, जो आने वाली पीढ़ियों को छाया दे सके।

# २ महीने से फरार नगरसेवक को पुलिस ने रातभर पहरा देकर पकड़ा नगरसेवक

**नालासोपारा :** तुलिंज पुलिस ने २ महीने से फरार नगरसेवक को फिल्मी स्टाइल में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार नगरसेवक आंखों में धूल झोंककर इधर-उधर भाग रहा था। आरोप है कि नगरसेवक अरुण जाधव ने अपने वॉर्ड की पुरानी चॉल तोड़कर दर्जनभर अवैध इमारतें बनाई हैं और लोगों को वैध बताकर सारे फ्लैट बेच दिए हैं। मनपा के सहायक आयुक्त की शिकायत पर तुलिंज पुलिस ने १२ अप्रैल को उस पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। तभी से वह फरार था। मंगलवार को उसे वसई कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने १ जून तक उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, नालासोपारा (पूर्व) दत्तनगर स्थित वॉर्ड क्रमांक ५२ के नगरसेवक जाधव ने सालों से बनी पुरानी चॉल तोड़कर दर्जनों अवैध बिल्डिंगें बनाई हैं। आरोप है कि उसने वसई, नालासोपारा व विरार में फर्जी कागजातों के जरिए कई बड़े टावर भी बना डाले हैं। सर्वे क्रमांक ९९ हिस्सा नंबर ६ में जाधव ने सिडको को फर्जी दस्तावेज बताकर ७ मंजिला अवैध इमारत बना डाली। जब इसकी शिकायत मनपा आयुक्त बी.जी. पवार से की गई, तो उन्होंने जांच के आदेश दिए। जांच में आरोप सही पाए गए।

सोमवार रात पुलिस को सूचना मिली कि जाधव लिंक रोड स्थित डी मार्ट के पास यशवंत एम्पीयर टावर के एक फ्लैट में आया है। पुलिस की टीम ने दरवाजा खुलवाने की कोशिश की, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। रात ११ बजे पुलिस ने फ्लैट की बिजली काट दी और बाहर इंतजार किया। मंगलवार सुबह ११ बजे जब वह भागने की फिराक में था, तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं, आरटीआई के तहत बिल्डरों से वसूली करने वाला शिवसेना नगरसेवक धनंजय गावडे २ साल से फरार है.

# चाईबासा कोषागार से अवैध निकासी मामले में १६ दोषी, ५ को मिली ४ साल की सजा

**चारा** घोटाले के चाईबासा कोषागार से अवैध निकासी मामले में १७ में से १६ दोषियों को सजा सुना दी गई है. इसमें ११ दोषियों को ३-३ साल की सजा और ५ दोषियों को ४-४ साल की सजा सुनाई गई है. इसके साथ ही अधिकतम ७ लाख और न्यूनत्तम २५ हजार का जुर्माना लगाया गया है. बुधवार इन आरोपियों को चाईबासा कोषागार से ३७ करोड़ की अवैध निकासी से जुड़े चारा घोटाला के एक पूरक मामले (आर सी २० ए. १९९६) में सीबीआई की विशेष अदालत ने दोषी करार देते हुए सजा का ऐलान किया है. सीबीआई कोर्ट ने सजा के बिंदुओं पर सुनवाई करते हुए पांच अभियुक्तों को चार-चार साल की सजा जबकि अन्य ११ अभियुक्तों को तीन-तीन साल की सजा सुनाई है. सभी १६ दोषियों पर अलग-अलग जुर्माना भी लगाया गया है. बता दें कि मामले में १५ मई को सुनवाई पूरी हो गई थी. इसके बाद फैसला सुनाने के लिए स्पेशल जज एस. एन. मिश्रा की अदालत ने २९



मई की तारीख तय की थी. जिन ५ आरोपियों को ४ सला की सजा सुनाई गई है, उनके नाम राम अवतार शर्मा, किशोर झा, बसंत सिन्हा, महेंद्र कुंदन और उमेश दुबे है. वहीं, जिन १७ लोगों पर ये केस चल रहा था, उनके नाम विमल अग्रवाल, महेंद्र कुंदन, संजीव कुमार बासुदेव, अनिल कुमार, राम अवतार शर्मा, किशोर झा, ब्रजकिशोर अग्रवाल, बसंत सिन्हा, राजेंद्र हरित, शैरुन्निशा, उमेश दुबे, चन्द्रशेखर दुबे, अदिति जोदार, शाहदेव प्रसाद, लालमोहन गोप, मधु, सुरेन्द्रंनाथ सिन्हा व बीएनएल लाल हैं. मामले के विशेष लोक अभियोजक बीएमपी सिंह ने १८ आरोपियों के खिलाफ लगे आरोप को साबित करने के लिए कोर्ट में ७९ गवाहों का बयान दर्ज कराए हैं जबकि १८ आरोपियों की ओर से बचाव में ५ गवाहों के बयान दर्ज कराए गए. लालू प्रसाद को २०१३ में सुनाई जा चुकी है सजा चाईबासा कोषागार से जुड़े ३७ करोड़ की अवैध निकासी के मूल अभिलेख में लालू प्रसाद और डॉक्टर जगन्नाथ मिश्र समेत ४६ आरोपियों को साल २०१३ में सीबीआई के स्पेशल जज सजा सुना चुके हैं. इस मामले से जुड़े १८ आरोपियों के खिलाफ बाद में सीबीआई ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी इसलिए इन आरोपियों के खिलाफ मामले की सुनवाई अन्य आरोपियों से बाद में शुरू हुई थी.

# फिल्म निर्माता से २५ लाख रुपये की वसूली की कोशिश में तीन गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई के गोराई में एक फिल्म निर्माता से २५ लाख रुपये की वसूली की कोशिश के आरोप में अपराध शाखा के अधिकारियों ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जिनमें एक फिल्म निर्देशक भी



शामिल है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि निर्देशक ने पहले फिल्म निर्माता के साथ काम किया था। वसूली की कोशिश दोनों के बीच वित्तीय विवाद का नतीजा थी। आरोपियों की पहचान रोहन रेडेकर (२७), शशांक सुमन वर्मा (३३) और भूपेश कुमार प्रसाद (३६) के रूप में हुई है। सभी उपनगर मलाड के रहने वाले हैं। वर्मा फिल्म निर्देशक होने का दावा करता है। अधिकारी ने बताया कि तीनों ने मई के पहले सप्ताह से फिल्म निर्माता से २५ लाख रुपये वसूलने के लिए एक अंडरवर्ल्ड गिरोह के नाम का इस्तेमाल कर कथित तौर पर धमकी भरे फोन किए। आरोपियों ने निर्माता के परिवार के सदस्यों को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी जिसके बाद उन्होंने बांगुर नगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान अपराध शाखा ने पाया कि कॉलर निर्माता को धमकाने के लिए वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल (वीओआईपी) का इस्तेमाल कर रहे थे।

**एक को पकड़ा तो सारे गिरफ्तार**

अधिकारी ने बताया कि फोन कॉल्स का विश्लेषण करने के बाद अपराध शाखा की यूनिट-११ के अधिकारियों को तीनों में से एक के बारे में सूचना मिली और उन्होंने सोमवार रात को गोराई इलाके में जाल बिछाया। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया और उसके जरिए दो और लोगों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों से एक मोबाइल फोन हैंडसेट बरामद किया है।

# अगवा किए गए युवकों को धारदार हथियार से काटा, नवादा में मिली लाशें

**बिहार:** बिहार के नवादा जिले में तीन युवकों की लाशें मिलने से सनसनी फैल गई. तीनों युवकों को जमुई से अगवा किया गया था. तीनों को तेजधार हथियार से काटकर मौत के घाट उतारा गया है. जमुई पुलिस उन्हें तलाश कर रही थी. अब पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है. पुलिस के मुताबिक जमुई के सिकंदरा इलाके में रहने वाले तीन युवकों राजकुमार उर्फ पल्लू, जितेंद्र कुमार और विक्की कुमार को २४ मई की शाम अगवा कर लिया गया था. तभी से परिजन और पुलिस उन तीनों को खोज रहे थे. लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला. इसी दौरान बुधवार की सुबह तीनों युवकों के शव नवादा के कौआकोल थाना क्षेत्र में स्थित भोरमबाग पहाड़ से बरामद किए गए. किसी



ने पुलिस को वहां तीन शव पड़े होने की सूचना दी थी.

कौआकोल थाने के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जमुई के सिकंदरा के रहने वाले अगवा किए गए तीनों युवकों के शव भोरमबाग पहाड़ से बरामद किए गए हैं. शव देखने से साफ पता चल रहा है कि तीनों युवकों की हत्या बेरहमी से धारदार हथियार से काटकर की गई है.

पुलिस अधिकारी ने आशंका जताते हुए कहा कि तीनों युवकों राजकुमार उर्फ पल्लू, जितेंद्र कुमार और विक्की कुमार की हत्या २४ मई को ही कर दी गई थी. पुलिस हालांकि अपहरण और हत्या के कारणों का अब तक खुलासा नहीं कर सकी है.


बताते चलें कि बीती २४ मई को सिकंदरा निवासी राजकुमार उर्फ पल्लू, जितेंद्र कुमार और विक्की कुमार दो बाइकों पर सवार होकर कौआकोल से वापस सिकंदरा लौट रहे थे, तभी कौआकोल-पकरीबरामा मार्ग पर कगहर मोड़ के पास से इन तीनों का अपहरण कर लिया गया था. अब पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है. हत्या की वजह अभी साफ नहीं है.

# FB पर नाबालिग लड़कियों को अश्लील मैसेज भेजता था सुरक्षा बल का जवान, गिरफ्तार

**जम्मू** कश्मीर के रियासी जिले में फेक फेसबुक अकाउंट बनाकर लड़कियों की आपत्तिजनक तस्वीरें पोस्ट करने और उन्हें अश्लील संदेश भेजने का शर्मनाक मामला सामने आया है. ये करतूत किसी आम शख्स की नहीं बल्कि केंद्रीय सुरक्षा बल के एक जवान की है. जिसे शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया.

अब पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है. समाचार एजेंसी भाषा के अनुसार मामला रियासी जिले का है. जहां बीती ८ मई को एक नाबालिग लड़की के पिता ने पुलिस थाने जाकर अधिकारियों को बताया कि कोई उनकी बेटी को फेसबुक पर उल्टे सीधे अश्लील मैसेज भेज रहा है.

पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच साइबर सेल को सौंप दी. छानबीन के बाद पुलिस



को पता चल गया कि संदेश भेजने वाला फेसबुक अकाउंट फर्जी है. इसी दौरान पुलिस अकाउंट का संचालन करने वाले तक जा पहुंची. जब पुलिस को उसकी असलियत पता चली तो सब हैरान रह गए. आरोपी को कोई और नहीं बल्कि केंद्रीय सुरक्षा बल का एक हवलदार निकला. जिसकी पहचान घार सिंह के रूप में हुई. पुलिस ने आरोपी जवान को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ के दौरान पता चला कि वह और कई लड़कियों को इस तरह से परेशान करता था.

# गवाह मुकरे तो अदालत ने 12 आरोपियों को बरी किया



**उत्तर** प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में २०१३ में हुए दंगे के मामले में एक स्थानीय अदालत ने सबूतों के अभाव में १२ आरोपियों को बरी कर दिया है. सभी आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा ३९५ (डकैती) और ४३६ (आगजनी) के मामले दर्ज थे. मुजफ्फरनगर के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार तिवारी ने मंगलवार को दंगों के मामले की सुनवाई करते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा ३९५ (डकैती) और ४३६ (आगजनी) के आरोपों से बरी कर दिया. अभियोजन पक्ष के मुताबिक, एसआईटी ने इस मामले में १३ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था.


मामले के लंबित रहने के दौरान एक आरोपी की मौत हो गई थी. अदालत में सुनवाई के दौरान, शिकायतकर्ता मोहम्मद सुलेमान समेत तीन गवाह मुकर गए और उन्होंने अभियोजन पक्ष का साथ नहीं दिया.

इस मामले में राहत पाने वाले आरोपियों पर इल्जाम था कि ७ सितंबर २०१३ को मुजफ्फरनगर जिले के लिसाढ गांव में दंगों के दौरान भीड़ ने कई घरों में आग लगा दी थी और वहां लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दिया था.

# अस्पताल गए थे माता-पिता, गैंगरेप के बाद दलित बच्ची को जलाकर मार दिया

**उत्तर प्रदेश** के मुजफ्फरनगर में एक १४ साल की दलित बच्ची के साथ गैंगरेप के बाद हत्या का मामला सामने आया है. मामला बीते शुक्रवार का है, जब ईंट के भट्टे के नजदीक स्थित एक कमरे में बच्ची की जली हुई लाश मिली. यहीं बच्ची का परिवार काम करता था. इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक, लड़की और उसका परिवार ईंट के भट्टे के बराबर में स्थित एक कमरे में रहता था और यहीं काम करता था.

पिछले हफ्ते जब बच्ची की मां बीमार हो गई तो उसके पिता, बच्ची और १२ साल के भाई के साथ उसे वहीं छोड़कर अस्पताल चले गए. इस मौके का फायदा उठाते हुए कुछ दरिंदों ने बच्ची



के साथ गैंगरेप किया. इतना ही नहीं बच्ची को जला कर उसकी जान भी ले ली.

इस घटना के बाद परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. परिवार की शिकायत पर ६ आरोपी और भट्टे के मालिक पर हत्या, रेप और एससी/एसटी अत्याचार अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है. परिवार का कहना है कि प्रशासन मामले को सुलझाने की कोशिश कर रहा है और पुलिस अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं कर सकी है. पिता द्वारा की गई शिकायत में ये कहा गया है कि बच्ची का रेप कर उसकी हत्या की गई है जबकि पुलिस इसे दुर्घटना में मृत्यु का मामला मान रही है.

पिता का कहना है कि कमरे में किसी भी तरह का बिजली उपकरण या कोई जलने लायक चीज नहीं थी, ऐसे में दुर्घटना से मौत कैसे हो सकती है. इस बीच, भीम आर्मी ने इस पर विरोध शुरू कर दिया है.

भीम आर्मी का कहना है कि पुलिस इस घटना पर ध्यान नहीं दे रही है. संगठन ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर भारत बंद करने तक की धमकी दी है.

दूसरी ओर, परिवार का कहना है कि उसे नहीं पता कि उसकी बेटी को जाति के कारण निशाना बनाया गया, वो बस न्याय के लिए प्रार्थना कर रहे हैं.

# बलात्कार मामले में करण ओबेरॉय पहुंचा उच्च न्यायालय

**मुंबई,** एक महिला के साथ बलात्कार और उसे ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार हुये टेलीविजन के अभिनेता करण ओबेरॉय ने जमानत के लिए बंबई उच्च न्यायालय की शरण ली है। उसकी जमानत याचिका इस महीने की शुरूआत में एक सत्र अदालत निरस्त कर चुकी है। सत्र अदालत ने पाया था कि मामले की जांच चल रही है इसलिए उसे जमानत पर छोड़ना सही नहीं होगा। करण ने अपने वकील दिनेश तिवारी के माध्यम से सोमवार को दायर इस याचिका में दावा किया कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है और उक्त महिला के साथ आपसी रजामंदी से रिश्ते कायम हुये थे। इस ४० साल के टीवी अभिनेता को एक महिला की शिकायत के आधार इस महीने की शुरूआत में गिरफ्तार किया गया था। करण पर आरोप लगा था कि वह शादी करने का झांसा देकर उक्त महिला के साथ २०१६ से ही बलात्कार कर रहा है। इतना ही नहीं करण ने उक्त महिला के अश्लील वीडियो भी बना लिए और उन्हें जारी करने की धमकी देकर धन की उगाही करता रहा।

# राजस्थान के भरतपुर में ईंट भट्टा मालिक ने किया दिव्यांग से रेप का प्रयास, बेटे की कर दी हत्या

**नई दिल्ली :** राजस्थान में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. राज्य के भरतपुर जिले के नदबई थाना क्षेत्र में ईंट भट्टा मालिक सहित आठ लोगों के खिलाफ २८ वर्षीय दिव्यांग महिला के साथ कथित दुष्कर्म का प्रयास करने और उसके पुत्र की हत्या करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है. नदबई थाना में सोमवार को महिला की ओर से एक शिकायत दर्ज कराई गई. दर्ज शिकायत में पीड़िता ने बताया कि १२ मई को वह अपने घर में पुत्र के साथ सो रही थीं. आरोपी उसके घर में घुसे और



उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया. जब बीच बचाव के लिये उसका पुत्र आया तो आरोपियों ने उसकी हत्या कर दी. भरतपुर ग्रामीण के पुलिस उपाधीक्षक परमल सिंह गुर्जर ने बुधवार को बताया कि पीड़िता की ओर से दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म के प्रयास, हत्या और अजा..अजजा (अत्याचार की रोकथाम) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर किया. अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है. उन्होंने बताया कि पीड़ित महिला ने पहले मामला इसलिये दर्ज नहीं करवाया था क्योंकि आरोपियों ने पुलिस को बताने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी.

# नकूचा तोड़कर आलमारी से सोने की ज्वेलरी और नकदी ले गए चोर, इबादत करने गया था पूरा परिवार

**इंदौर.** एरोड्रम थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात चोरों ने सूने मकान के ताले चटका कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर आलमारी का ताला तोड़कर हजारों रुपए की चोरी कर भाग गए। घटना के वक्त पूरा परिवार मस्जिद में इबादत करने गया हुआ था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एरोड्रम थाना क्षेत्र स्थित बोहरा कॉलोनी निवासी हमीदा ने बताया कि पूरा परिवार मस्जिद में इबादत करने देर रात गया हुआ था। इसी दौरान चोरों से वारदात को अंजाम दिया। चोर मेनगेट के दरवाजे का नकूचा तोड़कर घर के भीतर दाखिल हुए। दीवार पर खून के



निशान होने से ऐसा अंदेशा है कि नकूचा तोड़ने के दौरान चोर को चोट आई है। चोरों ने आलमारी का ताला तोड़कर सोने और चांदी के जेवर सहित हजारों रुपए की नकदी लेकर भाग गए। हमीदा के अनुसार घर का दरवाजा टूटा देख पड़ोसियों ने सूचना दी,

## दो दिवसीय एलिफेंटा उत्सव १ जून से

**मुंबई :** पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण एलिफेंटा उत्सव १ जून से शुरू हो रहा है। सुर, संगीत, शिल्प और चित्रकला के संगम से सराबोर दो दिवसीय एलिफेंटा उत्सव घारापुरी के प्रांगण में होगा। इस बार के उत्सव का नाम स्वरंग दिया है। शनिवार और रविवार दो दिन चलने वाले समारोह में गीत संगीत गायन पर्यटन और चित्रकला सहित अनेक आयोजन किए जाएंगे। इसका आयोजन महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम कर रहा है। एलिफेंटा का इतिहास १५०० साल से भी ज्यादा पुराना है। इसके इतिहास, वैभव और नए स्वरूप से पर्यटक को रूबरू कराने के लिए यह आयोजन किया जाता है। विश्व प्रसिद्ध एलिफेंटा गुफाओं के साथ राग अलाप संगीत चित्रकला नाटक और हेरिटेज वाक के साथ बहुत कुछ अविस्मरणीय आयोजन इस बार किया जाएगा। गेटवे ऑफ इंडिया से लेकर समंदर की लहरों पर सवार होकर एलिफेंटा की गुफाओं तक हर जगह ये रंग बिखरे मिलेंगे। महाराष्ट्र के पर्यटन पर्यटन मंत्री जयकुमार रावल समारोह का उद्घाटन करेंगे। उस वक्त कई सारी मशहूर हस्तियां मौजूद रहेंगी। मशहूर मराठी रंगकर्मी स्वप्निल बांदोडकर और गायिका प्रियंका बर्वे अपने साथी कलाकारों के साथ नृत्य, नाट्य, राग रंग और संगीत पेश करेगी। इनके साथ ही पर्यटकों को सम्मोहित करने के लिए वरिष्ठ रंगकर्मी अच्युत पालव, चित्रकार वासुदेव कामत, व्यंगचित्रकार नीलेश जाधव और शेर जाधव अपनी कूची से अलबेले रंग बिखरेंगे।

# मुंबई मेट्रो : अंधेरी–घाटकोपर से ५० प्रतिशत यात्री करते हैं सफर

**मुंबई :** अंधेरी और घाटकोपर मेट्रो के दो स्टेशन ऐसे हैं, जो मुंबई की लाइफलाइन कही जानेवाली उपनगरीय रेलवे स्टेशनों से कनेक्ट हैं। यही कारण है कि मुंबई की मेट्रो-१ को यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। मेट्रो-१ को सबसे ज्यादा यात्री भी इन्हीं दो स्टेशनों से मिलते हैं। जानकारी के मुताबिक मेट्रो-१ से रोजाना औसतन ४.४ लाख यात्री सफर करते हैं, जिनमें से ५० प्रतिशत से अधिक यात्री इन्हीं दो स्टेशनों से अपने सफर की शुरुआत करते हैं। वर्सोवा-अंधेरी-घाटकोपर के बीच बेस्ट बस की कोई सीधी सेवा न होने से मेट्रो-१ रूट पर सफर करनेवाले यात्रियों की लाइफलाइन बन गई है। ऐसे में मेट्रो-१ को इस रूट पर सफर करनेवाले यात्रियों की सेकंड लाइफलाइन कहें तो कोई हैरानी नहीं होगी। मुंबई मेट्रो-१ की खासियत यह है कि यहां टिकटिंग सिस्टम पैसेंजर फ्रेंडली है। लोकल की तरह यात्रियों को लंबी कतारों में अधिक समय तक खड़े नहीं रहना पड़ता है।




मेट्रो-१ फिलहाल एक यूनिट पर यात्रियों को अपनी सेवा दे रही है। एक यूनिट में चार कोच हैं। महिला यात्रियों के लिए मेट्रो में कोई विशेष कंपार्टमेंट तो नहीं है लेकिन अन्य परिवहन सुविधाओं की तरह उनके लिए कोच में आरक्षित सीटें जरूर हैं। महिला यात्रियों के लिए लक्ष्मण रेखा के तौर पर कंपार्टमेंट में पिंक लाइन फ्लोर पर बनाई गई है। इसके आगे पुरुषों के जाने पर प्रतिबंध है। इतना ही नहीं एक खासियत यह भी है कि मेट्रो का जब अगला स्टेशन आता है तो दरवाजा किस तरफ खुलेगा इसकी जानकारी यात्रियों को पहले ही अनाउंसमेंट सिस्टम के जरिए मिल जाती है, ऐसे में स्टेशन पर उतरनेवाले यात्री पहले ही तैयार हो जाते हैं।

महाराष्ट्र सिक्योरिटी फोर्स (एमएसएफ) के जवान यात्रियों की सुरक्षा में स्टेशन और ट्रेन के अंदर हमेशा तैनात रहते हैं। ये जवान भीड़ के समय क्राउड कंट्रोल करने में अहम भूमिका निभाते हैं। यही कारण है कि व्यस्ततम समय में यात्रियों को कभी सफर के दौरान किसी तरह की परेशानी नही होती है और न ही कभी मेट्रो स्टेशन पर किसी तरह की आपराधिक घटना होने की बात सामने आई है।

**मेट्रो कसे आओ, लोकल के धक्के खाओ**

वर्सोवा से घाटकोपर के बीच का सफर मेट्रो-१ से मुंबईकरों के लिए जितना आरामदायक है लोकल का सफर उतना ही त्रासदायी है। ऐसा मेट्रो से सफर करने के बाद लोकल से सफर करनेवाले यात्रियों का कहना है।

## ढाई करोड़ के हीरे चोरी, तीन गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई में वीपी रोड पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने ढाई करोड़ रुपये कीमत के हीरे चोरी कर लिए थे। डीसीपी अभिषेक त्रिमुखे ने यह जानकारी दी। त्रिमुखे ने बताया कि पुलिस ने १ करोड़ १२ लाख रुपये कीमत के हीरे आरोपियों के पास से जब्त भी कर लिए हैं। बाकी हीरों के बारे में पता किया जा रहा है। इन हीरों की चोरी का मुख्य सरगना तरंग उर्फ रॉनी शरद पारिख है, जो चर्नी रोड की एक डायमंड फर्म में काम करता था।

**यूं की चोरी**

डीसीपी के मुताबिक आरोपी यहां शेल्फ की ड्यूप्लिकेट चाबी बनवा ली और उसके अंदर प्लास्टिक बॉक्सेस में रखे ढाई करोड़ रुपये कीमत के हीरे चुरा लिए। इसके बाद उसने फिर अपने दो दोस्तों तेजस सर्वेया और नरेश पटेल को मदद के लिए कॉल किया।

**ऐसे पकड़े गए आरोपी**

जब इस चोरी की शिकायत पुलिस में आई, तो जांच अधिकारियों ने पाया कि आरोपियों ने सेंधमारी का कोई भी सुराग नहीं छोड़ा। इससे साफ हो गया कि आरोपी डायमंड फर्म में काम करने वाले लोगों में से कोई एक है। इसके बाद वहां काम करने वाले एक दर्जन लोगों से सख्त पूछताछ की गई। इसमें पुलिस ने पाया कि तरंग के बयान अलग-अलग आ रहे हैं। इसके बाद तरंग से सख्ती की गई। इसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। बाद में उसने अन्य दो साथियों के नाम भी बताए। कोर्ट ने सभी को १ जून तक कस्टडी में भेज दिया है। सभी पर आईपीसी के सेक्शन ४५४, ४५७ और ३८० के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बंद होगा बीएमसी का सिद्धार्थ अस्पताल!

**मुंबई :** गोरेगांव स्थित बीएमसी का सिद्धार्थ अस्पताल जल्द ही बंद किया जाएगा। अस्पताल में शुरू होने वाले बड़े मरम्मत कार्यों को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल रूप से अस्पताल बंद करने का फैसला लिया है। अस्पताल की इमारत पुरानी और जर्जर हो चुकी है, नतीजतन इसकी तुरंत मरम्मत की जरूरत है। बात दें कि इस अस्पताल में रोजाना १०००-१२०० की ओपीडी, जबकि ७०-८० आईपीडी हुआ करती है। अस्पताल बंद होने से स्थानीय मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

बीएमसी से मिली जानकारी के अनुसार, हाल ही में अस्पताल की इमारत को लेकर रिपोर्ट आई थी। इसके अनुसार, अस्पताल में मेजर मरम्मत की जरूरत है। चूंकि यह काम लंबे समय तक चलेगा और लगभग अस्पताल की पूरी बिल्डिंग पर काम होने के कारण इसे कुछ समय के



लिए मरीजों के लिए बंद किया जा रहा है। अस्पताल की मरम्मत होने के बाद इसे फिर से शुरू किया जाएगा।

शिफ्ट होने लगा विभाग : स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, अस्पताल के कई विभागों को शिफ्ट किया जा रहा है। इससे वहां जाने वाले मरीजों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, फिलहाल केवल मेडिकल ओपीडी ही अस्पताल में चल रही है। इसे भी जल्द ही बंद कर दिया जाएगा। अस्पताल की मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. प्रतिमा पाटील ने कहा कि बड़े स्तर पर अस्पताल की मरम्मत की जानी है। मरीजों की सुरक्षा को देखते हुए अस्पताल को बंद करने का फैसला लिया गया है। मरीजों को परेशानी न हो इसके लिए हम अपने विभिन्न विभागों को पास के अस्पतालों में शिफ्ट कर रहे हैं। इसके तहत मेडिसिन और सर्जिकल वॉर्ड को बाबा साहब आंबेडकर अस्पताल, आईसीयू को ट्रॉमा सेंटर में शिफ्ट कर रहे हैं। ओपीडी के लिए हम गोरेगांव में ही जगह देख रहे हैं।

एक ही जगह हों सब विभाग : अस्पताल के विभागों को अलग-अलग अस्पतालों में शिफ्ट करने की बजाय स्थानीय और आसपास के नगरसेवकों ने एक ही जगह शिफ्ट करने की मांग की है। बीजेपी नगरसेविका प्रीति साटम ने कहा कि सिद्धार्थ अस्पताल द्वारा अस्पताल के विभागों को कूपर, शताब्दी और भाभा में शिफ्ट किया जा रहा है। इससे मरीजों को परेशानी होगी। प्रशासन को मरीजों की सहूलियत को देखते हुए सभी विभागों का गोरेगांव में ही कहीं शिफ्ट करना चाहिए।

वहीं स्थानीय नगरसेवक संदीप पटेल ने कहा कि मेजर रिपेयर में कम से कम दो साल का समय जाएगा। ऐसे में हम प्रशासन से सभी विभागों को एक ही जगह शिफ्ट करने के साथ ही यह भी मांग कर रहे हैं कि मेजर रिपेटर की बजाय पूरी बिल्डिंग गिराकर नए सिरे से बनाई जाए। इससे भविष्य में न केवल आधुनिक सेवाएं भी वहां शुरू हो सकती हैं, बल्कि मरीजों के लिए बेड की संख्या भी बढ़ सकती है।

## बहू ने की आत्महत्या, ५ गिरफ्तार

### चार माह पहले हुई थी शादी

**मुंबई :** दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न कर उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में नालासोपारा पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में पीड़िता के पति, सास, ससुर, ननद और देवर शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेशी के बाद तीन दिन की



पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

नालासोपारा के श्रीप्रस्था इलाके में रहने वाली २९ वर्षीय रेशमा सिंह ने १७ मई को आत्महत्या कर ली थी। रेशमा के पिता राजबहादुर सिंह ने रेशमा के ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए आईपीसी की धारा ३०४ (बी), ३०६, ४९८ (ए), ३४ और १८४ के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी। राजबहादुर का आरोप है कि रेशमा के पति सुनील सिंह, सास उर्मिला सिंह, ससुर जितेंद्र बहादुर सिंह, देवर अनीष बहादुर सिंह और ननद मीनू सिंह उनकी बेटी पर मायके से पैसे लाने का दबाव बना रहे थे।

## डॉ. पायल तड़वी की मौत मामले की जांच करेगी क्राइम ब्रांच

**मुंबई :** डॉक्टर पायल एस. तड़वी की कथित खुदकुशी मामले की जांच अब मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच करेगी। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी। इससे पहले खुदकुशी के लिए उकसाने और अन्य आरोपों के चलते मुंबई की अदालत ने आरोपी तीन महिला वरिष्ठ डॉक्टरों, भक्ति मेहर, हेमा आहूजा और अंकिता खंडेलवाल को शुक्रवार तक पुलिस हिरासत में भेज दिया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। मुंबई पुलिस के प्रवक्ता मंजूनाथ शृंग ने कहा, 'पायल तड़वी की मौत से जुड़े मामले की गंभीरता और महत्व को देखते हुए जांच क्राइम ब्रांच को स्थानांतरित कर दी गई है।' तड़वी के परिवार के वकील नितिन सतपुते ने कहा, 'हमने मांग की थी कि परिस्थितियों को देखते हुए इस मामले को क्राइम ब्रांच को सौंप दिया जाना चाहिए। हमने शिवसेना नेता नीलम गोरे के साथ इस पर चर्चा की, जिन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस के सामने इस मामले को उठाया।'

गायनेकोलॉजी में स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की छात्रा २६ वर्षीय तड़वी ने २२ मई को सरकार द्वारा संचालित बीवाईएल नायर अस्पताल में अपने छात्रावास के कमरे में खुदकुशी कर ली थी। उसके परिवार ने दावा किया कि व्यक्तिगत उत्पीड़न, मुस्लिम आदिवासी पृष्ठभूमि और जातिवादी टिप्पणियों से तंग आकर उसने खुदकुशी की। इसके लिए उसे उकसाया गया।

## महाराष्ट्र में इस साल पोस्ट ग्रेजुएट एंट्रेंस एग्जाम में EWS आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में इस साल पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम में सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को १० प्रतिशत आरक्षण देने के राज्य सरकार के फैसले पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार के ७ मार्च के उस नोटिफिकेशन पर रोक लगा दी जिसमें पीजी मेडिकल ऐडमिशन में EWS के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया था। मेडिकल ऐडमिशन में EWS आरक्षण के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। याचिका में दलील दी गई थी कि ऐडमिशन प्रक्रिया नवंबर २०१८ में ही शुरू हो गई थी और EWS आरक्षण से जुड़ा कानून उसके बाद पास हुआ है। लिहाजा यह इस साल की ऐडमिशन प्रक्रिया में लागू नहीं हो सकता।

राज्य सरकार के ७ मार्च के नोटिफिकेशन पर रोक लगाते हुए सीजेआई रंजन गोगोई ने कहा कि इस चरण में भी राज्य सरकार समुचित प्रावधानों के तहत आरक्षण लागू कर सकती है लेकिन उसके लिए अतिरिक्त सीटें बढ़ानी जरूरी है। सीजेआई ने कहा कि मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा जबतक अतिरिक्त सीटें सृजित नहीं की जातीं तबतक मौजूदा सीटों के लिए ऐं आरक्षण लागू नहीं सकता। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि पीजी मेडिकल एग्जाम में EWS आरक्षण को लागू करने संबंधी महाराष्ट्र सरकार का ७ मार्च का नोटिफिकेशन इस साल मान्य रहेगा। कोर्ट ने कहा कि अगर अभी आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऐडमिशन

# महाराष्ट्र में कॉंग्रेस, एनसीपी के सामने नेताओं के पाला बदलने की चिंता, करीब १२ नेता बीजेपी के संपर्क में

**मुंबई :** राजस्थान और मध्य प्रदेश में किले दरकने की खबरों के बीच अब महाराष्ट्र में कांग्रेस को पार्टी में टूट का डर सताने लगा है। महाराष्ट्र में गठबंधन करने वाली कांग्रेस और नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को अपने नेताओं के दल बदलकर बीजेपी और शिवसेना में जाने की आशंका से जूझना पड़ रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस और एनसीपी की मुंबई में हुई हालिया बैठक में लोकसभा चुनाव में राज्य में खराब प्रदर्शन के साथ ही नेताओं के छिटकने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। पता चला है कि कांग्रेस और एनसीपी के लगभग एक दर्जन नेता महाराष्ट्र में बीजेपी नेतृत्व के संपर्क में हैं और पार्टी में आने के लिए मोलभाव कर रहे हैं। इनमें से कम से कम आठ नेता कांग्रेस और बाकी एनसीपी के हैं। बीजेपी नेताओं का कहना है कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी को मिले भारी बहुमत के कारण इन दोनों दलों के विधायक और नेता बीजेपी नेतृत्व के साथ भगवा दल में आने के लिए बातचीत कर रहे हैं।



**कई कांग्रेस नेता बीजेपी के संपर्क में**

बीजेपी के एक नेता ने अपना नाम जाहिर न करने की शर्त पर कहा कि मुंबई से कांग्रेस के एक वरिष्ठ दलित नेता, उत्तर भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले एक कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक और पुणे से संबंध रखने वाले महाराष्ट्र सरकार में कांग्रेस के एक पूर्व मंत्री बीजेपी में आने के लिए बातचीत कर रहे हैं। बीजेपी के एक अन्य नेता ने बताया, 'मुंबई से कांग्रेस के दलित नेता हमारी पार्टी में आने के लिए अंतिम दौर की बातचीत कर रहे हैं। पुणे जिले से चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हमारे संपर्क में हैं क्योंकि उनकी सीट पर कांग्रेस के सहयोगी दल ने दावा किया है और इस वजह से वह हमारी सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं।'

**मॉनसून सत्र के बाद बाकी के नेता बीजेपी में आ सकते हैं**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और एनसीपी के कुछ नेता जून के पहले दो सप्ताह में बीजेपी में शामिल होंगे। राज्य विधानसभा के मॉनसून सत्र के बाद बाकी के नेता बीजेपी में आ सकते हैं। बीजेपी नेता ने कहा कि कांग्रेस और एनसीपी के अलावा राज्य में मराठा समुदाय का नेतृत्व करने वाली दूसरी पीढ़ी भी बीजेपी के संपर्क में है। बुधवार को कांग्रेस के पूर्व नेता और एजुकेशन इंडस्ट्री का बड़ा नाम पतंगराव कदम के बेटे विश्वजीत के भी बीजेपी में शामिल होने की अटकलें लगी थी। हालांकि, विश्वजीत ने बाद में दावा किया कि वह पार्टी को छोड़कर बीजेपी में नहीं जा रहे।




# महाराष्ट्र में शिवसेना और बीजेपी के खिलाफ एक साथ लड़ेगा विपक्षी पार्टियों का महागठबंधन!

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों को मिली करारी हार के बाद महाराष्ट्र की सियासत में अब महागठबंधन की सुगबुगाहट होने लगी है। महाराष्ट्र में विपक्षी महागठबंधन के घटक दलों ने मंगलवार को आगामी विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ने की संभावना पर एक बड़ी बैठक की। इस साल के अंत में राज्य में होने वाले चुनावों को लेकर विपक्षी पार्टियों ने तमाम मुद्दों पर चर्चा की। हालांकि अब तक महागठबंधन के स्वरूप को लेकर प्रदेश में कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में विपक्ष को सत्तारूढ़ बीजेपी-शिवसेना के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। महागठबंधन के सदस्यों ने राज्य में खराब प्रदर्शन के लिए वंचित बहुजन अगाडी को भी दोषी ठहराया। भारिप बहुजन महासंघ नेता प्रकाश आंबेडकर और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने वंचित बहुजन अगाडी का गठन किया था। इस गठबंधन ने प्रदेश की सभी ४८ संसदीय सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। कई क्षेत्रों में उसके उम्मीदवारों को अच्छी संख्या में वोट भी मिले। इन्हीं सभी पक्षों को देखते हुए राजनीतिक दलों ने मंगलवार को महागठबंधन की संभावनाओं पर चर्चा की। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष अशोक चव्हाण ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, 'हमने लोकसभा चुनाव के नतीजों और आगामी विधानसभा चुनाव के बारे में चर्चा की। हम एकसाथ आने को सहमत थे।' उन्होंने कहा कि अभी इस संबंध में विस्तृत चर्चा की जानी है। यह पूछे जाने पर कि महागठबंधन में शामिल होने के लिए अगाडी से संपर्क किया जाएगा, चव्हाण ने कहा कि यह इस बात पर निर्भर करता है कि अगाडी नेता विपक्ष के साथ हाथ मिलाने को तैयार हैं या नहीं। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रत्नाकर महाजन ने कहा था कि आगामी विधानसभा चुनावों के लिए अगाडी या राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा।

मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड ( पूर्व ), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com